Shree Ram Sharnam,
International Spiritual Centre
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

तोड़ दे सारे जग के बन्धन

तोड़ दे सारे जग के बन्धन,
भज ले मनवा राम राम,
राम शरण आ कर ले वन्दन,
भज ले मनवा राम राम ॥१॥
तोड़ दे सारे जग के बन्धन...

राम भजन कियो न मूरख,
तूने बिसरायो रे राम,
सिरजन हारी अवध बिहारी,
भज ले प्राणी राम राम ॥२॥
तोड़ दे सारे जग के बन्धन...

भूल के जग के स्वामी को,
काहे भटके तीरथ धाम,
मन मन्दिर में राम बसे हैं,
भज ले बन्दे राम राम ॥३॥
तोड़ दे सारे जग के बन्धन...

□रम भक्ति की जोत जगाकर,
सुमिरन कर ले आठों याम,
जीवन सफल बना ले बन्दे,
भज ले □ल □ल राम राम ॥४॥
तोड़ दे सारे जग के बन्धन...

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram